# शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: VIII** | **विषय: हिंदी**

**अवधि: 2:30 घंटे** | **पूर्णांक:60**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड 'अ' और 'ब' में विभक्त है ।**
2. **खंड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमे से केवल 7 प्रश्नों के ही उत्तर देने हैं ।**
3. **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं**
4. **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**
5. **यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।**

**खंड - 'अ' (बहुविकल्पीय)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4

पिछले दस-पंद्रह वर्षों में हमारी खानपान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है। इडली-डोसा-बड़ा-साँभर रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं हैं। ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है। अब आप कही भी हों, उत्तर भारतीय रोटी-दाल-साग आपको मिल ही जाएँगे। 'फास्ट फूड' (तुरंत भोजन) का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है। इस 'फ़ास्ट फ़ूड' में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीजें शामिल हैं। एक ज़माने में कुछ ही लोगों तक सीमित 'चाइनीज नूडल्स' अब संभवत: किसी के लिए अजनबी नहीं रहे।

(i) गद्यांश के अनुसार दक्षिण भारत के कौन से व्यंजन उत्तर भारत में भी उपलब्ध हैं?

(क) रोटी-दाल-साग।
(ख) इडली-डोसा-बड़ा-साँभर रसम।
(ग) चाउमीन-बर्गर-पिज्जा।
(घ) लिट्टी-चोखा, सत्तू, चिउड़ा-दही ।

(ii) गद्यांश के अनुसार शहरों में किसका चलन खूब बढ़ा है?

(क) फैशन का ।
(ख) रात्रि जागरण का।
(ग) 'फास्ट फूड' (तुरंत भोजन) का।
(घ) संयुक्त परिवार का।

प्रश्न 2. निम्नलिखित दोहे को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2x2=4

तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियत न पान।
कहि रहीम परकाज हित, संपति-सचहिं सुजान।।

(i) काव्यांश के अनुसार कौन फल नहीं खाता है?

(क) तरुवर
(ख) सरवर
(ग) जाल
(घ) बादर

(ii) काव्यांश के रचयिता कौन हैं?

(क) करीम

(ख) समीम

(ग) रहीम

(घ) अमीन

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) "विद्यार्थी" शब्द का बहुवचन लिखिए -

(क) विद्यार्थीयों

(ख) विद्यार्थियों

(ग) विद्यर्थियो

(घ) विद्यार्थयों

(ii) नीचे दिए गये विकल्पों में भाववाचक संज्ञा पहचानिए -

(क) तक्षशिला

(ख) गंगा

(ग) जवानी

(घ) त्रिभुज

(iii) '**सम्मान**' शब्द का विलोम बताइए -

(क) स्वाभिमान

(ख) अपमान

(ग) द्रव्यमान

(घ) प्रतिमान

(iv) 'मृदुल वसंत' में विशेषण के भेद की पहचान बताइए -

(क) गुणवाचक विशेषण

(ख) परिमाणवाचक विशेषण

(ग) संख्यावाचक विशेषण

(घ) सार्वनामिक विशेषण

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

मैं और गहराई की खोज में किनारों से दूर गई तो मैंने एक ऐसी वस्तु देखी कि मैं चौक पड़ी। अब तक समुद्र में अँधेरा था, सूर्य का प्रकाश कुछ ही भीतर तक पहुँच पाता था और बल लगाकर देखने के कारण मेरे नेत्र दुखने लगे थे। में सोच रही थी कि यहाँ पर जीवों को कैसे दिखाई पड़ता होगा कि सामने ऐसा जीव दिखाई पड़ा मानो कोई लालटेन लिए घूम रहा हो। यह एक अत्यंत सुंदर मछली थी। इसके शरीर से एक प्रकार की चमक निकलती थी जो इसे मार्ग दिखलाती थी। इसका प्रकाश देखकर कितनी छोटी-छोटी अनजान मछलियाँ इसके पास आ जाती थीं और यह जब भूखी होती थी तो पेट भर उनका भोजन करती थी।"

"विचित्र है!"

"जब मैं और नीचे समुद्र की गहरी तह में पहुँची तो देखा कि वहाँ भी जंगल है। छोटे ठिंगने, मोटे पत्ते वाले पेड़ बहुतायत से उगे हुए हैं। वहाँ पर पहाड़ियाँ हैं, घाटियाँ हैं। इन पहाड़ियों की गुफाओं में नाना प्रकार के जीव रहते हैं जो निपट अँधे तथा महा आलसी हैं।

(i) गद्यांश के अनुसार कौन चौक पड़ी?

(क) पानी की बूँद

(ख) रक्त की बूँद

https://www.evidyarthi.in

(ग) तेल की बूँद

(घ) पेट्रोल की बूँद

(ii) गद्यांश के अनुसार सूर्य का प्रकाश किसमें कुछ ही भीतर तक पहुँच पाता था?

(क) पत्थर में

(ख) दिवार में

(ग) मिट्टी में

(घ) समुद्र में

(iii) गद्यांश के अनुसार लालटेन लिए कौन घूम रहा था?

(क) साँप

(ख) कछुआ

(ग) सुन्दर मछली

(घ) मेंढक

(iv) गद्यांश के अनुसार समुद्र की गहराई में क्या मिला?

(क) इमारत

(ख) जंगल, पहाड़, घाटियाँ

(ग) सड़क

(घ) शेर

प्रश्न 5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

(i) काव्यांश के अनुसार भगवन के डाकिए कौन हैं?

(क) धरती

(ख) पक्षी और बादल

(ग) चिट्ठियाँ

(घ) जहाज

(ii) काव्यांश के अनुसार एक महादेश से दूसरे महादेश को कौन जाता है?

(क) भगवान के डाकिए

(ख) वर्षा का पानी

(ग) डाकिये की कहानी

(घ) पक्षियों की जबान

(iii) कवि के अनुसार पक्षी और बादल कहाँ जाते हैं?

(क) एक घर से दूसरे घर

(ख) एक पेड़ से दूसरे पेड़

(ग) एक महादेश से दूसरे महादेश

(घ) रास्ते पर

(iv) कवि के अनुसार भगवान के डाकिए द्वारा लाई चिट्ठियों को कौन पढ़ता है?

(क) पेड़, पौधे, पानी और पहाड़

(ख) आदमी

(ग) रोबोट

(घ) कंप्यूटर

प्रश्न6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) बदलू को किस बात से चिढ़ थी?

(क) गाँव से

(ख) शहर से

(ग) काँच की चूड़ियों से

(घ) लेखक से

(ii) 'अकबरी लोटा' पाठ में लोटा किसपर गिरा?

(क) लाला झाऊलाल पर

(ख) पं. बिलवासी मिश्र पर

(ग) अंग्रेज पर

(घ) दुकानदार पर

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x2=2

(i) 'भगवन के डाकिए' कविता के रचयिता कौन हैं?

(क) रामदरश मिश्र

(ख) रामधारी सिंह दिनकर

(ग) कबीर

(घ) सूरदास

(ii) 'भगवान के डाकिए' किसको कहा गया है?

(क) आँधी को

(ख) सागर को

(ग) धरती को

(घ) पक्षी और बादल को

**खंड ब (वर्णनात्मक)**

प्रश्न 8. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) 'राजा-प्रजा' में समास बताइए?

(ii) 'कामगार' शब्द में मूल शब्द लिखिए।

(iii) 'मीठा' शब्द का भाववाचक संज्ञा लिखिए

(iv) लाल सेव ले आओ। वाक्य में विशेषण छाँटकर लिखिए।

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

(i) 'भगवान के डाकिए' कविता के अनुसार दूसरे महादेश में क्या भाप बनकर गिरता है?

(ii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता के अनुसार चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है?

https://www.evidyarthi.in

(iii) दूध की तुलना में श्रीकृष्ण कौन-से खाद्य पदार्थ को अधिक पसंद करते हैं?

(iv) 'भगवान के डाकिए' कविता के अनुसार हम किसकी भाषा नहीं समझ पाते हैं?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **1x4=4**

(i) बदलू क्या बनाता था?

(ii) बदलू कैसे चूड़ियाँ बेचता था?

(iii) लाला झाऊलाल की पत्नी कितने रूपये माँग रही थी?

(iv) लाला झाऊलाल का माकन कहाँ पर स्थित था?

प्रश्न11. निम्नलिखित गद्य आधारित प्रश्नों में से **किन्ही चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - 2x4=8

(i) 'वस्तु-विनिमय प्रणाली में क्या होता है?

(ii) आपको छुट्टियों में किस रिश्तेदार के घर जाना सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

(iii) 'अकबरी लोटा' पाठ में समस्या समाधान में किस पात्र की भूमिका महत्वपूर्ण थी और क्यों?

(iv) आप भारत को कैसा देखना चाहते हैं?

(v) अगर दुनिया के सभी पहिये हड़ताल कर दें तो क्या होगा?

प्रश्न12. निम्नलिखित पद्य आधारित प्रश्नों में से **किन्ही तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - 2x3=6

(i) 'भगवान के डाकिए' कविता के अनुसार चिट्ठियों को कौन पढ़ता है?

(ii) 'कबीर की सखियाँ' कविता के अनुसार तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं? स्पस्ट कीजिये|

(iii) 'सूरदास के पद' कविता के अनुसार श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

(iv) 'भगवान के डाकिए' कविता के अनुसार सुगंध कौन भेजता है?

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5x1=5

(क) दिल्ली में प्रदूषण (ख) दीपावली (ग) योग का महत्त्व

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए - 5x1=5

अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने के लिए अवकाश हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

अथवा

'काव्य पाठ प्रतियोगिता' में प्रथम आने पर बधाई देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

Filename: practice  QP1 Class-8 2023-24
Directory: C:\Users\HP\OneDrive\Desktop
Template: C:\Users\HP\AppData\Roaming\Microsoft\Templates\Normal.dotm
Title:
Subject:
Author: HP
Keywords:
Comments:
Creation Date: 11/20/2023 10:25:00 AM
Change Number: 19
Last Saved On: 11/22/2023 5:33:00 PM
Last Saved By: HP
Total Editing Time: 119 Minutes
Last Printed On: 11/23/2023 10:48:00 AM
As of Last Complete Printing
Number of Pages: 5
Number of Words: 1,138 (approx.)
Number of Characters: 6,492 (approx.)

https://www.evidyarthi.in